कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
बी–192,आवास विकास कालोनी, हरदोई।
दूरभाष सं0 05852–223112, eehardoi@yahoo.com

पत्रांक : 4154 / बि-3 / 43 दिनांक : 27 / 8 / 2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय :– दैनिक भास्कर न्यूज पेपर में प्रकाशित खबर ''हरदोई के माधौगंज में जल जीवन मिशन बना शोपीसःनन्दापुरवा में वर्षों से नलों में नहीं आया पानी, ग्रामीणों को पेयजल संकट'', के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर न्यूज पेपर में प्रकाशित खबर ''हरदोई के माधौगंज में जल जीवन मिशन बना शोपीसःनन्दापुरवा में वर्षों से नलों में नहीं आया पानी, ग्रामीणों को पेयजल संकट'', शीर्षक का सदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें। उपरोक्त खबर जनपद–हरदोई के विकास खण्ड माधौगंज की गौतरा ग्राम समूह पेयजल योजना से संबंधित है। उक्त की स्थलीय जांच खण्ड के जूनियर इंजीनयर द्वारा करायी गयी जिसकी आख्या निम्नवत हैः–

| प्रकाशित खबर | खण्ड की आख्या |
|---|---|
| माधौगंज विकास खंड की ग्राम पंचायत सेवढाई के मजरा नन्दापुरवा में ''जल जीवन मिशन योजना'' अधिकारियों की अनदेखी के कारण शोपीस बनकर रह गई है। कागजों में चल रही यह योजना धरातल पर अपना लाभ नहीं दिखा पा रही है, जिससे ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। | उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम (फेज–3) के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद द्वारा विकास खण्ड माधौगंज की गौतरा ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत 1 नग अवर जलाशय, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग 1 नग सोलर पैनल, 1 नग बाउण्ड्री बॉल, 654 नग एफ0एच0टी0सी0 एवं 15.11 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 1 नग पम्प हाउस, 1 नग 1 नग सोलर पैनल, 1 नग बाउण्ड्री बॉल, 653 नग एफ0एच0टी0सी0 एवं 15.11 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन एवं 1 नग अवर जलाशय (स्लैब लेवल तक) के कार्य पूर्ण करा लिये गये है। शेष कार्य प्रगति पर है।<br>ग्राम नन्दापुरवा के संबंध में अवगत कराना है कि ग्राम नन्दापुरवा, गौतरा ग्राम समूह पेयजल योजना में सम्मिलित है, शिकायत के संबंध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड माधौगंज की गौतरा ग्राम समूह पेयजल योजना में सम्मिलित समस्त मजरों में डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से (नन्दापुरवा को छोड़कर) क्लोरीन युक्त पेयजलापूर्ति की जा रही है। डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से पेयजलापूर्ति होने के कारण मजरा नन्दापुरवा में पेयजलापूर्ति बाधित है। अवर जलाशय का कार्य पूर्ण कर मजरा नन्दापुरवा में पेयजलापूर्ति शीघ्रातिशीघ्र प्रारम्भ कर दी जायेगी। |

अतः महोदय उपरोक्त आख्या आपकी सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

(मनीष गंगवार)
अधिशासी अभियन्ता

पृष्ठसं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपित–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) महोदय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. जिलाधिकारी महोदय, हरदोई।
4. संबंधित सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता।
5. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित की उक्त योजनान्तर्गत शेष कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता